**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3819**
**उत्तर देने की तारीख 18 दिसम्बर, 2024**

## भागलपुर में मोबाइल टावर

**3819. श्री अजय कुमार मंडलः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भागलपुर जिले सहित बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान दूरसंचार टावर स्थापित किए गए गांवों की कुल संख्या का दूरसंचार कंपनीवार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) आगामी वित्तीय वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में क्षेत्रवार कितने टावरों को उन्नत किए जाने का लक्ष्य है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) भागलपुर जिले सहित बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान गांवों की कुल संख्या, जहां बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) स्थापित किए गए हैं, दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी)-वार और वर्ष-वार ब्यौरा अनुबंध-। पर दिया गया है।

(ख) भारत सरकार ने '4जी सैचुरेशन परियोजना' शुरू की है जिसका उद्देश्य देश के मोबाइल सेवा से वंचित सभी गांवों में 4जी मोबाइल सेवाएं प्रदान करना है। इस परियोजना के अंतर्गत 4जी कवरेज के लिए बिहार राज्य में 136 गांवों को चिन्हित किया गया है। इसमें 4जी नेटवर्क में उन्नयन करने के लिए चिन्हित की गई साइटें भी शामिल हैं। इसके अलावा, दूरसंचार सेवा प्रदाता भी अपने मोबाइल नेटवर्क का लगातार विस्तार कर रहे हैं।

**अनुबंध-I**

दिनांक 18.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3819 का अनुबंध

**ग्रामीण क्षेत्रों के गांवों की संख्या जहां विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान बीटीएस संस्थापित किए गए:**

| वर्ष | दूरसंचार सेवा प्रदाता | बिहार राज्य में गांवों की संख्या जहां बीटीएस संस्थापित किए गए | भागलपुर जिले में गांवों की संख्या जहां बीटीएस संस्थापित किए गए |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | भारती एयरटेल लिमिटेड | 1876 | 13 |
| | बीएसएनएल | 0 | 0 |
| | रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड | 2746 | 54 |
| | वोडाफोन आइडिया लिमिटेड | 0 | 0 |
| 2022-23 | भारती एयरटेल लिमिटेड | 4962 | 52 |
| | बीएसएनएल | 0 | 0 |
| | रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड | 882 | 43 |
| | वोडाफोन आइडिया लिमिटेड | 0 | 0 |
| 2023-24 | भारती एयरटेल लिमिटेड | 2294 | 57 |
| | बीएसएनएल | 0 | 0 |
| | रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड | 169 | 5 |
| | वोडाफोन आइडिया लिमिटेड | 11 | 0 |
| 2024-25 (नवंबर 2024 तक) | भारती एयरटेल लिमिटेड | 709 | 22 |
| | बीएसएनएल | 0 | 0 |
| | रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड | 115 | 2 |
| | वोडाफोन आइडिया लिमिटेड | 40 | 0 |

*****